समाचार

मुख्यमंत्री जी की घोषणा पर अमल

जिला खनिज न्यास मद से अशोक वाटिका के जीर्णोद्धार व विकास कार्य को मिली स्वीकृति

(कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जारी किया स्वीकृति आदेश)

कोरबा 10 अगस्त 2021 – प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर अमल करते हुए अशोक वाटिका के जीर्णोद्धार एवं उसे पर्यटन व मनोरंजन स्थल के साथ–साथ आक्सी जोन के रूप में विकसित करने के संबंध में किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यो हेतु जिला खनिज न्यास मद से 09 करोड़ 72 लाख 85 हजार रूपये की स्वीकृत दी गई है। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आदेश जारी कर उक्त स्वीकृत प्रदान की है।

यहां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के अनुरोध पर अशोक वाटिका का जीर्णोद्धार कराए जाने, उसे आक्सी जोन के रूप में विकसित किए जाने एवं विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की थी। तत्संबंध में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अशोक वाटिका के जीर्णोद्धार व वहां पर किए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यो के संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु जिला खनिज न्यास संस्थान को भेजा गया था। जिला खनिज न्यास संस्थाननिधि से कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने मुख्यमंत्री जी की उक्त घोषणा पर अमल करते हुए डी.एम.एफ. से 09 करोड़ 72 लाख 85 हजार रूपये की स्वीकृति उक्त कार्य हेतु प्रदान कर दी है तथा त्वरित रूप से आगामी कार्यवाही कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

ये सुविधाएं होंगी उपलब्ध– बरसों से उपेक्षित पड़े शहर के महत्वपूर्ण उद्यान अशोक वाटिका को आक्सी जोन के रूप में विकसित करते हुए वहां पर विभिन्न सुविधाएं नागरिकों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। अशोक वाटिका में **ट्वाय ट्रेन की ट्रेक तैयार कर ट्वाय ट्रेन संचालन,** साईकिलिंग ट्रेक, पार्किंग क्षेत्र, पाथवे निर्माण, फूड जोन कैफेटेरिया, लान एरिया, लेजर फाउण्टेन, हर्बल गार्डन, रीडिंग जोन, रिलेक्सीन एरिया, मेडिटेशन एरिया, चिल्ड्रन प्ले एरिया, बोटिंग एरिया, व्हालीबाल ग्राउण्ड, बास्केट बाल ग्राउण्ड, बैडमिंटन ग्राउण्ड, जिम एरिया, योगा एरिया, हेल्थ चौपाटी सेंटर, एडमिन ब्लाक, टिकट घर, वाटरबाडी एरिया, प्रवेशद्वार, प्लांटेशन तथा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के लिए आरक्षित स्थल आदि सुविधाएं प्राप्त होंगी।

कलेक्टर ने किया था वाटिका भ्रमण— यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने विगत माह आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा एवं जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री कुंदन कुमार के साथ अशोक वाटिका का भ्रमण कर प्रस्तावित कार्यो का जायजा लिया था, इस दौरान उन्होने बच्चों व सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए ट्वाय ट्रेन संचालित करने तथा साईकिंलिंग ट्रेक के निर्माण को भी कार्ययोजना में शामिल किए जाने के निर्देश दिए थे।